# पवन

## डी० एल० एड० (द्वितीय सेमेस्टर)

# हिन्दी - अति लघु उत्तरीय प्रश्न

study786.site

**Question - कहानी का महत्व लिखिए। (2015)**

**उत्तर- कहानी से ज्ञान की वृद्धि होती है, विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास एवं कल्पना शक्ति का विकास होता है।**

**प्रश्न - बालकों को कहानी पसंद होने का क्या कारण है ?**

**उत्तर-हिन्दी गद्य में सर्वाधिक अंश कहानी है। कहानियों में घटनाओं का सजीव चित्रण होता है।**

**प्रश्न-कहानीकार का प्रमुख कौशल क्या होना चाहिए ?**

**उत्तर- कहानी में कौतूहल तथा जिज्ञासा बनाए रखना कहानीकार का प्रमुख कौशल है।**

**प्रश्न-कहानी का महत्व बताइए।**

**उत्तर-कहानी से ज्ञान की वृद्धि होती है, कल्पना शक्ति का विकास होता है, सर्वांगीण विकास होता है तथा कहानी मनोरंजन का एक अच्छा साधन है।**

**प्रश्न-लोक कथा से क्या लाभ हो सकता है ?**

**उत्तर-लोक कथा के माध्यम से बच्चों के मस्तिष्क में धार्मिक तथा शिक्षाप्रद भावनाएँ उत्पन्न की जा सकती हैं।**

**प्रश्न-मौखिक शिक्षा कितने प्रकार का होता है ?**

**उत्तर-मौखिक शिक्षण दो प्रकार का होता है।**

**प्रश्न-ध्वनि कितने प्रकार की होती है ?**

**उत्तर-ध्वनि दो प्रकार की होती है।**

**प्रश्न शब्द किसे कहते हैं ?**

**उत्तर-अपने भावों को दूसरों तक प्रसारित करने के लिए ध्वनि प्रतीकों का उपयोग करना पड़ता है। इन ध्वनियों के मेल को शब्द कहते हैं।**

**प्रश्न-गतिविधियों पर आधारित शिक्षण से क्या आशय है ?**

**उत्तर-शिक्षण कार्य में वही विधि उपयोगी मानी जाती है जिसमें शिक्षण व विद्यार्थी दोनों ही क्रियाशील रहें।**

study786.site

प्रश्न-विद्यार्थी की गतिविधिका मूल्यांकन किस प्रकार किया जा सकता है ?

विद्यार्थी की गतिविधि का मूल्यांकन बाल-सभा, विद्यालय की पत्रिका, वाद-विवाद प्रतियोगिता, अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव तथा अन्य समारोहों की भागीदारी व उपलब्धिता द्वारा मूल्यांकन किया जा सकता है।

प्रश्न-गद्य एवं पद्य में अन्तर बताइए।

उत्तर-पद्य में गति व लय की विशेष भूमिका होती है, जबकि गद्य में लय का कोई उपयोग नहीं है। पद्य की रचना छंदबद्ध अथवा छंदयुक्त होती है, जबकि गद्य में छंद का कोई उपयोग नहीं है।

प्रश्न-गद्य का अर्थ लिखिए।

उत्तर- "जिस रचना में छंद, शास्त्र के गण तथा मात्राओं के बंधन नहीं होते, वे गद्य हैं।"

प्रश्न-सूक्ष्म पाठ के उद्देश्य बताइए।

उत्तर-सूक्ष्म पाठ द्वारा निम्नलिखित उद्देश्यों की प्राप्ति हो सकती है-

(1) वाक्यों की रचना में व्याकरण के ज्ञान का पूर्ण उपयोग।

(2) शब्द ज्ञान-कोष में वृद्धि।

(3) मुहावरों, लोकोक्तियों, सूक्तियों इत्यादि का ज्ञान।

study786site

**प्रश्न-द्रुत पाठ का क्या अर्थ है ?**

**उत्तर- द्रुत पाठ का अर्थ है, शीघ्रता से पढ़ना।**

**प्रश्न-अभिव्यक्ति का अर्थ बताइए।**

**उत्तर-व्यक्ति द्वारा प्रकट किये गये भावों को अभिव्यक्ति कहते हैं। व्यक्ति अपने हृदय के विचारों को भाषा एवं वाणी का रूप प्रदान करता है, वह अभिव्यक्ति होती है।**

**प्रश्न-प्रो. रमन बिहारी लाल ने मौखिक अभिव्यक्ति को किस प्रकार परिभाषित किया है ?**

**उत्तर-प्रो. रमन बिहारी लाल के अनुसार - "मानव अपने हृदय के भाव प्रकट करने के लिए जिस ध्वन्यात्मक संकेत साधन का प्रयोग करता है, उसे उसकी मौखिक अभिव्यक्ति कहते हैं।"**

**प्रश्न-मौखिक अभिव्यक्ति के साधन बताइए।**

**उत्तर-विचार-विमर्श, वार्तालाप, वाद-विवाद, चर्चा-परिचर्चा, कविता पाठ, भाषण, व्याख्यान, कहानी, कथन इत्यादि, मौखिक अभिव्यक्ति के साधन हैं।**

**प्रश्न-लिखित अभिव्यक्ति के साधन बताइए।**

**उत्तर-सार-लेखन, पत्र लेखन, निबन्ध, आत्मकथा, कहानी लेखन, नाटक- लेखन, कविता-लेखन, संस्मरण, लेखन-विवरण, आख्या लेखन इत्यादि।**

study96.site

**प्रश्न-अक्षर का अर्थ लिखिए। (2015)**

**उत्तर- जो नाशवान न हो उसे अक्षर कहते हैं। 'क्षर' का अर्थ है नाश होना तथा 'अ' का अर्थ है नहीं। किसी भी अक्षर का नाश नहीं होता। अक्षर मिलकर शब्द का रूप लेते हैं।**

**प्रश्न-वर्ण किसे कहते हैं ?**

**उत्तर- अक्षर समूह का दूसरा नाम वर्ण है। वर्ण अक्षर समूह के दो वर्गों में विभक्त**

**(1) स्वर**
**(2) व्यंजन।**

**प्रश्न - शब्द की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर- व्यक्ति के विचारों के प्रतीक के रूप में उच्चारित की जाने वाली ध्वनियों समूहों अथवा संकेतों को शब्द कहा जाता है।**

**प्रश्न-शब्द कितने प्रकार के होते हैं ?**

**उत्तर-शब्द के दो भेद होते हैं-**

**(1) ध्वन्यात्मक शब्द,**

**(2) वर्णनात्मक शब्द।**

study786.site

प्रश्न-वाक्य कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर-वाक्य तीन प्रकार के होते हैं-

(1) सरल वाक्य,

(2) मिश्रित वाक्य,

(3) संयुक्त वाक्य।

प्रश्न-उपसर्ग का अर्थ बताते हुए कोई चार उदाहरण लिखिए।

उत्तर-शब्दांश अथवा कोई अक्षर किसी शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ को परिवर्तित कर दे अथवा अर्थ में विशेषता उत्पन्न कर दे, उसे उपसर्ग कहते हैं।

जैसे अ + मर = अमर

अति + क्रमण = अतिक्रमण

अ + नैतिक = अनैतिक

न्याय + आलय = न्यायालय

study786.site

**प्रश्न-प्रत्यय का अर्थ बताइए।**

**उत्तर- प्रत्यय के अन्तर्गत किसी शब्द के अन्त में कोई अक्षर अथवा शब्दांश लग जाने से उसका अर्थ परिवर्तित हो जाता है, उसे प्रत्यय कहते हैं। जैसे 'कडुवा' शब्द के बाद 'हट' लग जाने से कडुवाहट हो जाता है।**

**प्रश्न-सामासिक पद किसे कहते हैं ?**

**उत्तर- दो अथवा दो से अधिक शब्दों के परस्पर मिलकर एक शब्द बनता है उसे समास कहते हैं; जैसे चाय-नाश्ता, रोजी-रोटी, पढ़ाई-लिखाई।**

study786.site

**प्रश्न-समास कितने प्रकार के होते हैं ?**

**उत्तर-समास चार प्रकार के होते हैं-**

**1. अव्ययी समास,**

**3. द्वन्द्व समास,**

**2. तत्पुरुष समास,**

**4. बहुव्रीहि समास।**

**प्रश्न-संज्ञा का अर्थ तथा भेद बताइए।**

**उत्तर-वे शब्द जिनसे व्यक्ति, जाति, अवस्था, स्थान तथा वस्तु इत्यादि के नाम का बोध होता है उसे संज्ञा कहते हैं। संज्ञा तीन प्रकार की होती हैं-**

**(1) व्यक्ति वाचक संज्ञा।**

**(2) जाति वाचक संज्ञा।**

**(3) भाव वाचक संज्ञा।**

study786.site

**प्रश्न-सर्वनाम का अर्थ बताइए। (2015)**

**उत्तर-सर्वनाम कुछ शब्द संज्ञा के स्थान पर बोले जाते हैं। उन्हें सर्वनाम कहते हैं; जैसे-हम, आप, मैं, तुम, वह, वे, उन्होंने, उसने, इसने, किसने, किसी को इत्यादि।**

**प्रश्न-सर्वनाम के प्रकार बताइए। (2021)**

**उत्तर-सर्वनाम छः प्रकार के होते हैं-**

**(1) पुरुष वाचक सर्वनाम,**
**(2) निज वाचक सर्वनाम,**

**(3) सम्बन्ध वाचक सर्वनाम,**
**(4) प्रश्न वाचक सर्वनाम,**

**(5) निश्चय वाचक सर्वनाम,**

**(6) अनिश्चय वाचक सर्वनाम।**

**प्रश्न-क्रिया के भेद लिखिए।**

**उत्तर-कर्म के आधार पर, रचना के आधार पर, कर्म के आधार पर, सकर्मक क्रिया तथा अकर्मक क्रिया, सकर्मक क्रिया में क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।**

study786.site

प्रश्न-रचना के आधार पर क्रिया के भेद बताइए।

उत्तर-रचना के आधार पर क्रिया चार प्रकार की होती है-

(1) प्रेरणा प्रदत्त क्रिया

(2) संयुक्त क्रिया

(3) नाम धातु क्रिया

(4) पूर्वकालिक क्रिया।

प्रश्न-विशेषण की परिभाषा तथा भेद लिखिए।

उत्तर- संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाला शब्द, विशेषण संज्ञा शब्दों की विशेषता बताने वाला शब्द विशेषण है। विशेषण चार प्रकार के होते हैं-

(1) गुण वाचक विशेषण,

(2) परिमाण वाचक विशेषण,

(3) संख्या वाचक विशेषण,

(4) संकेत वाचक विशेषण।

प्रश्न-वचन कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर-वचन शब्द का वह रूप जिसमें उसका एक अथवा अनेक होने का बोध होता है, उसे वचन

study786.site

**कहा जाता है।**

**हिन्दी में वचन दो प्रकार के होते हैं- एकवचन व बहुवचन ।**

**प्रश्न-लिंग की परिभाषा दीजिए।(2020)**

**उत्तर-लिंग शब्दों के जिस रूप में पुरुष या नारी जाति के बोध हो, उसे लिंग कहते हैं। समस्त संज्ञा पद दो लिंगों में से किसी एक लिंग में ही होते हैं या तो वे पुल्लिंग है या स्त्री लिंग।**

**प्रश्न-वाचन के प्रकार बताइए।**

**उत्तर-प्रमुखतः वाचन दो प्रकार का होता है-**

**(1) सस्वर वाचन (Loud or Oral Reading),**

**(2) मौन वाचन (Silent Reading)।**

**प्रश्न-सस्वर वाचन किस प्रकार किया जाता है ?**

study786.site

**उत्तर-सस्वर वाचन दो प्रकार से किया जा सकता है। प्रथम, एक ही व्यक्ति किसी लिखित भाग का वाचन करें; जैसे-कथावाचक का वाचन, बालकों द्वारा एक-एक करके किसी लिखित गद्यांश का वाचन या पद्यांश का पाठ। दूसरे प्रकार का सस्वर वाचन वह है जिसमें बहुत-से बालक या व्यक्ति किसी भी लिखित भाग को एक साथ पढ़ें या बोले।**

**प्रश्न-मौन वाचन का अर्थ लिखिए।**

**उत्तर- मौन वाचन का अर्थ स्वयं में स्पष्ट है। 'मौन' का अर्थ 'बिना ध्वनि किये' अर्थात् किसी पाठ को इस प्रकार पढ़ना कि किसी को आवाज या ध्वनि से ज्ञात न होने पाये कि कहीं ओर क्या पढ़ा जा रहा है; ही मौन वाचन है। यह सस्वर वाचन से ठीक उल्टा है।**

**प्रश्न-वाक्य किसे कहते हैं ? वाक्य के कितने अंग हैं ? (2020)**

**उत्तर-शब्दों को मिलाकर वाक्य बनते हैं। वाक्य द्वारा भाव अथवा विचार प्रकट किये जाते हैं। वाक्य के दो अंग होते हैं (1) उद्देश्य, (2) विधेय**

study780site

प्रश्न-पद क्रम का क्या अर्थ है ?
उत्तर-शब्दों को सही क्रम से लगाकर वाक्य बनाने को पदक्रम कहते हैं।

प्रश्न-संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं ?

उत्तर-संयुक्त वाक्य वाक्य में दो अधिक शब्द स्वतंत्र रूप से समुच्चय बोध क द्वारा जुड़े रहते हैं, परन्तु परस्पर आश्रित नहीं होते, संयुक्त वाक्य कहलाते हैं।

study76.site

प्रश्न-मिश्रित वाक्य का अर्थ लिखिए।

उत्तर-मिश्रित वाक्य-वाक्य में एक मुख्य उपवाक्य तथा एक या अधिक उपवाक्य हों तो मिश्रित वाक्य कहते हैं; जैसे डॉक्टर ने कहा कि एक सेब प्रतिदिन खाना चाहिए।

**प्रश्न- 'व्यूह' का विलोम शब्द क्या है ?**

**उत्तर-निर्व्यूह अथवा अव्यूह।**

**प्रश्न- 'मैंने कहा होगा' वाक्य किस प्रकार का वाक्य है ?**

**उत्तर-सन्देहवाचक वाक्य/सरल वाक्य/साधारण वाक्य/संदेहबोधक वाक्य/अनिश्चय वाचक/संदिग्ध भूतकाल ।**

**प्रश्न-उन्मेष में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?**

**उत्तर-उत् उपसर्ग।**

study786.site

**प्रश्न- 'जिसके हाथ में चक्र हो'- के लिए शब्द क्या है ?**

**उत्तर-चक्रपाणि या चक्रधारी या चक्रधर।**

**प्रश्न- 'जिसके पास तुरन्त सोच की शक्ति हो के लिए एक शब्द लिखिए।**

**उत्तर-प्रत्युत्पन्नमति या प्रतिउत्पन्नमति।**

study786.site

**प्रश्न-वीर रस का स्थायी भाव लिखिए।**

**उत्तर-उत्साह।**

**प्रश्न-'कन्धी' का तत्सम शब्द क्या है ?**

**उत्तर-कंकतीया कड़कती।**

**प्रश्न- 'पर्वत के ऊपर की समतल भूमि' वाक्य के लिए एक शब्द बताइए।**

**उत्तर-अधित्यका।**

**प्रश्न- 'प्रधानमंत्री' में कौन-सा समास है ?**

**उत्तर-कर्मधारय या बहुव्रीहि या तत्पुरुष।**

study786.site

**प्रश्न- 'राम का घर दूर है' इस वाक्य में कौन-सा कारक है?**

**उत्तर- सम्बन्ध कारक।**

**प्रश्न- 'वह अपना सिर खुजलाता है' वाक्य में सकर्मक या अकर्मक कौन-सी क्रिया है ?**

**उत्तर- सकर्मक क्रिया।**

study786.site

**प्रश्न- 'अस कहि कुटिल भई उठि ठाढ़ी। मानहुँरोष तरंगिनी बाढ़ी।' में 'मानहुँ' के द्वारा कौन-सा अलंकार बनता है ?**

**उत्तर- उत्प्रेक्षा अलंकार।**

**प्रश्न- 'मुझसे उठा नहीं गया' वाक्य में कौन-सा वाच्य है ?**

**उत्तर- भाववाच्य।**

प्रश्न- 'काला सागर' में कौन-सी संज्ञा है ?

उत्तर- व्यक्तिवाचक संज्ञा।

प्रश्न- 'चौराहा' में कौन-सा समास है ?

उत्तर-द्विगु समास या तत्पुरुष समास।

प्रश्न- 'संस्कार' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है ?

उत्तर-सम्।

study786.site

**प्रश्न- 'शुष्ठि' का तद्भव शब्द क्या है ?**

**उत्तर- सोंठ।**

**प्रश्न- 'लिखावट' शब्द में किस प्रकार का प्रत्यय है ?**

**उत्तर- कृत् प्रत्यय या आवट या वट।**

**प्रश्न-स्वर और व्यंजन में क्या अन्तर है ?(2015)**

**उत्तर- स्वर जो बिना किसी अक्षर की सहायता से बोले जाते हैं। व्यंजन जो स्वर की सहायता से बोले जाते हैं।**

study786.site

**प्रश्न-आदर्श वाचन किसे कहते हैं ? (2015)**

**उत्तर- शिक्षक द्वारा उचित सुर, लय, गति, विराम चिह्नों का प्रयोग करते हुए जो वाचन किया जाता है, उसे आदर्श वाचन कहते हैं।**

study786.site

**प्रश्न- 'अनुरक्ति' एवं 'निस्सीम शब्द का विलोम लिखिए।**

**उत्तर- अनुरक्ति-विरन्ति, निस्सीम असीम।**

**प्रश्न-विस्मयादि बोधक चिह्न का प्रयोग कब करते हैं?(2015)**

**(2015)**

**उत्तर- विस्मय, पीड़ा, अत्यधिक हर्ष, घृणा इत्यादि का बोध करने के लिए विस्मयादि बोधक चिह्न का प्रयोग करते हैं।**

**प्रश्न-दूत पाठ का क्या अर्थ है ? (2015)**

**उत्तर- शीघ्रता से पढ़ना।**

**प्रश्न- अंश और अंस शब्द का क्रमशः अर्थ लिखिए।(2016)**

**उत्तर अंश भाग**

**अंस कन्धा**

**प्रश्न- स्वर किसे कहते हैं ? (2016)**

**उत्तर-स्वर का अर्थ है, ऐसा वर्ण जिसका उच्चारण अपने आप हो सके, जिसके उच्चारण के लिए दूसरे वर्ण से मिलने की आवश्यकता न हो।**

**प्रश्न- निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए**

study786.site

**उत्थान, मुक।**

**(2016)**

**उत्तर- उत्थान पतन**

**मूक-वाचाल**

**प्रश्न- आ उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए।**

**उत्तर आजन्म, आगमन, आकाश।**

**(2016)**

**प्रश्न-जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर होता है उसे क्या कहते हैं ?**

**(2016)**

study786.site

**उत्तर-सर्वनाम कुछ शब्द संज्ञा के स्थान पर बोले जाते हैं। उन्हें सर्वनाम कहते हैं; जैसे हम, आप, मैं, तुम, वह, वे, उन्होंने, उसने, इसने, किसने, किसी को इत्यादि।**

**प्रश्न-पत्र कितने प्रकार के होते हैं ?**

**(2016)**

**उत्तर-विषय-वस्तु एवं शैली के आधार पर पत्रों के दो वर्गों में वर्गीकृत कर सकते हैं- 1. औपचारिक, 2. अनौपचारिक।**

**प्रश्न- 'प्रति' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए।**

**उत्तर प्रतिकूल, प्रतिछाया।**

**(2016 Π)**

**(2016 II)**

study786.site

प्रश्न- 'कारक' शब्द में कौन-सा प्रत्यय लगा हुआ है ?

उत्तर अक

प्रश्न- 'ईशा ने पत्र पढ़ा', वाक्य में कौन-सा लकार प्रयुक्त है ? (2016 II)

उत्तर-लङ् लकार (भूतकाल)।

प्रश्न- 'बालक तेज दौड़ता है', वाक्य में किस क्रिया विशेषण का प्रयोग

हुआ है ?

उत्तर-विशेष विशेष्य।

(2016 П)

study786.site

प्रश्न-वर्णन' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

उत्तर-कथन, आख्यान।

(2016 П)

प्रश्न-सर्वनाम के दो उदाहरण लिखिए।

(2016 II)

उत्तर-सर्वनाम कुछ शब्द संज्ञा के स्थान पर बोले जाते हैं। उन्हें सर्वनाम कहते हैं; जैसे-हम, आप, मैं, तुम, वह, वे, उन्होंने, उसने, इसने, किसने, किसी को इत्यादि।

प्रश्न - "प्र" उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए।

(2017)

study786.site

**उत्तर प्रचार, प्रसार।**

**प्रश्न - "प्रत्यय" किसे कहते हैं ?**

**(2017)**

**उत्तर प्रत्यय वे शब्दांश है जो किसी शब्द के अन्त में लगाये जाते हैं और उपसर्ग की भाँति एक नवीन अर्थ प्रकट करते हैं। जैसे-लौकिक में इक, मित्रता में ता।**
**प्रत्यय के दो प्रकार होते हैं- (1) कृदन्त/कृत प्रत्यय। (2) तद्धित प्रत्यय।**

**प्रश्न- "काल" कितने प्रकार के होते हैं ?**

**(2021, 2020, 2017)**

**उत्तर-काल के प्रकार (1) वर्तमान काल, (2) भूत काल, (3) भविष्य**

**काल।**

study76.site

**प्रश्न- "अनुकरण वाचन" किसे कहते हैं ?**

**(2017)**

**उत्तर- अध्यापक के द्वारा बोले गये पाठ्यक्रम शब्दों को सुनकर जब बच्चे उसका प्रयोग करते हैं उसे अनुकरण वाचन कहते हैं।**

**प्रश्न- "मौन वाचन' के दो उद्देश्य लिखिए।**

**(2017)**

**उत्तर-मौन वाचन के उद्देश्य**

**(1) मौन वाचन व्यक्ति दूसरों को किसी भी प्रकार की बाधा पहुँचाए बिना कर सकता है।**

**(2) अवकाश के क्षणों का उपयोग करने की दृष्टि से मौन वाचन बहुत महत्वपूर्ण है।**

**प्रश्न- "पुरुष वाचक सर्वनाम" के प्रकारों के नाम लिखिए।**

study786.site

**(2019 II, 2017)**

**उत्तर-पुरुष वाचक सर्वनाम - जो शब्द संज्ञा शब्द के स्थान पर प्रयुक्त हो और व्यक्ति विशेष को सम्बोधित करता है, वह शब्द पुरुष वाचक सर्वनाम कहलाता है। वक्ता, श्रोता तथा जिसके बारे में कहा जाता है इनके लिए प्रयुक्त शब्द पुरुष वाचक सर्वनाम होते हैं।**

**पुरुष वाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते हैं (अ) उत्तम पुरुष (बोलने वाला) जैसे मैं, हम। (ब) मध्यम पुरुष (जिससे बोला जाए) जैसे-तू, तुम, आप। (स) अन्य पुरुष (जिसके विषय में बोला जाए) जैसे वह, वे, उसने उन्होंने आदि।**

study786.site

**प्रश्न- "अधि" उपसर्ग लगाकर चार शब्द बनाइए।**

**(2019 I)**

**उत्तर- 'अधि' उपसर्ग से बनने वाले चार शब्द-**

**(1) अधिकार, (2) अधिवक्ता, (3) अधिनियम, (4) अध्यक्ष।**

**प्रश्न-क्रिया-विशेषण की परिभाषा लिखते हुए दो उदाहरण दीजिए।**

**(2019 1)**

**उत्तर- जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं वह क्रिया विशेषण कहलाते हैं।**

**जैसे (1) गरम गरमाना**

**(2) रोना रुलाना**

study786.site

**प्रश्न-"विदुषी" एवं "तपस्विनी" शब्द का पुल्लिंग शब्द लिखिए।**

**उत्तर-स्त्रीलिंग से पुल्लिंग शब्द -**

**(1) विद्वान, (2) तपस्वी।**

**(2019 1)**

**प्रश्न-अशुद्धि शोधन में शब्दों एवं वाक्यों के कुछ उदाहरण दीजिए।**

**उत्तर-शब्दों में अशुद्धियाँ - शब्दों के शुद्ध रूप की जानकारी न होने के कारण या उच्चारण गलत करने की वजह से शब्दों की अशुद्धियाँ होती हैं। शब्दों में मात्रा सम्बन्धी अशुद्धियाँ अधिक देखने को मिलती हैं।**

**यहाँ कुछ शब्दों के अशुद्ध और उनके शुद्ध रूप दिए जा रहे हैं**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| पत्नि | पत्नी |
| नाराज | नराज |
| पुर्व | पूर्व |
| परीश्रम | परिश्रम |
| तिथी | तिथि |
| श्रीमति | श्रीमती |
| गुरू | गुरु |
| पुर्ण | पूर्ण |
| ईशवर | ईश्वर |
| चिन्ह | चिह्न |
| आधीन | अधीन |

Study786.site

साम - शाम

पुरूष - पुरुष

सर्म - शर्म

इस्टेशन - स्टेशन

उस्पात -उत्पात

सन्मुख - सम्मुख

भाग्ज्ञ - भाग्य

कार्यक्रम - कार्यक्रम

रिषि - ऋषि

लरकी - लड़की

आचरन – आचरण

वाक्यों में अशुद्धियाँ - वाक्यों में कई प्रकार की अशुद्धियाँ देखने को मिलती हैं। अशुद्धियों के बारे में कुछ उदाहरण दिए जा रहे हैं-

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
|---|---|
| राम ने पुस्तक खरीदा। | राम ने पुस्तक खरीदी। |
| शीला का साँस फूल रहा है। | शीला की साँस फूल रही है। |
| मेरी घोड़ा दौड़ रहा है। | मेरा घोड़ा दौड़ रहा है। |
| प्राण निकल गया। | प्राण निकल गए। |
| सुधा ने पाँच कचौड़ी खाई। | सुधा ने पाँच कचौड़ियाँ खाईं। |

study786.site

हमने आज दिल्ली जाना है।                    हमें आज दिल्ली जाना है।

मैं मेरा काम कर रहा हूँ।                    मैं अपना काम कर रहा हूँ।

माता जी, मुझे तुम्हारी बहुत याद आई।            माता जी, मुझे आपकी बहुत याद आई।

शीला भोजन खा चुकी है।                    शीला भोजन कर चुकी है।

राम ने नौकरी छोड़ दिया।                    राम ने नौकरी छोड़ दी।

सीमा पढ़ना माँगती है।    सीमा पढ़ना चाहती है।

मुझको स्कूल जाना था।          मुझे स्कूल जाना था।

रीना मेरी पैरों में गिर पड़ी।       रीना मेरे पैरों में गिर पड़ी।

मैं बाजार को जा रहा हूँ।       मैं बाजार जा रहा हूँ।

study786.site

प्रश्न-निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए। (2019 1)

प्रीया, बुधिमान, श्रीमति, उतसव।

उत्तर-

| अशुद्ध | शुद्धं |
|---|---|
| 1. प्रीया | प्रिया |
| 2. बुधिमान | बुद्धिमान |
| 3. श्रीमति | श्रीमती |
| 4. उतसव | उत्सव |

प्रश्न- "भाव वाचक" संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए। (2019 I)

उत्तर-भाववाचक संज्ञा- जिन शब्दों से व्यक्ति या वस्तु के गुण, उसके कार्य

व्यापार अथवा किसी भाव या अवस्था विशेष का बोध होता है उसे भाववाचक संज्ञा कहा जाता है; जैसे-पौरुष, उत्साह, अच्छाई, बुराई।

उपर्युक्त शब्दों से व्यक्ति या वस्तु के गुण, दोष या भाव-अवस्था का बोध होता है। इसलिए उक्त शब्दों में भाववाचक संज्ञा है।

प्रश्न- 'अभि' उपसर्ग जोड़कर चार शब्द लिखिए।

उत्तर- 'अभि' उपसर्ग से बनने वाले चार शब्द- (2019 I)

study786.site

| उपसर्ग | अर्थ | उपसर्ग में बनने वाले शब्द |
| --- | --- | --- |
| अभि | चारों ओर | अभिज्ञान, अभिमान, अभिशाप, अभिलाषा। |

प्रश्न- 'सम' उपसर्ग से बनने वाले दो शब्द लिखिए। (2019 II)

उत्तर- 1. सम्मुख, 2. सम्मेलन।

प्रश्न-'प्रकृति' का सुकुमार कवि' किसे कहा जाता है? (2019 II)

उत्तर- 'प्रकृति' का सुकुमार कवि' 'सुमित्रानन्दन पंत' को कहा जाता है।

प्रश्न-'पंच परमेश्वर' कहानी के लेखक का नाम लिखिए। (2019 II)

उत्तर- 'पंच परमेश्वर' कहानी के लेखक 'मुंशी प्रेमचन्द' हैं।

प्रश्न-'अंधे की लकड़ी होना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट करते हुए अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2019 II)

उत्तर-मुहावरा - अन्धे की लड़की - एकमात्र सहारा।

study786.site

**प्रयोग - श्रवण कुमार अपने माँ-बाप के लिए अन्धे की लड़की था।**

**प्रश्न-'प्रसंगोचित' शब्द किस समास का उदाहरण है।(2019 II)**
**उत्तर- 'प्रसंगोचित' कर्मधारय समास का उदाहरण है**
**प्रश्न-'क्ष' संयुक्तवर्ण किन दो वर्षों से मिलकर बना है? (2022, 2019 II)**

**उत्तर-'क्ष' संयुक्तवर्ण-क् + ष  से मिलकर क्ष बना है।**

**प्रश्न-मौलिक लेखन किसे कहते हैं? (2020)**

**उत्तर- मौलिक लेखन अथवा मौलिक अभिव्यक्ति से तात्पर्य है जो कल्पना, तर्क एवं चिन्तन शक्ति के माध्यम से विचार लिखे जाये। यह कार्य परिवेश से सम्बन्धित विषय पर कराया जाना चाहिए। प्रारम्भ में ऐसे विषयों पर लिखाना चाहिए जिसका लिखने वाले को अनुभव हो।**

study76.site